## खबर संक्षेप

### मोरकुंड में रांगोली उकेरकर दिया संदेश

**जुन्नारदेव।** आज शासकीय एकीकृत उ मा वि मोरकुंड में सभी कक्षाओं की छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली उकेर कर अपना संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 12वीं विज्ञान की छात्राएं रितिका, महक एवं मुस्कान रही । द्वितीय स्थान पर 11वीं विज्ञान की छात्राएं कुमकुम ,पालक एवं नेहा रही। इसी प्रकार नवमी ब की छात्राएं राशि , प्रतिभा एवं जयंती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुंदर एवं आकर्षक रंगोलिया को देखकर संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं के द्वारा खूब सराहा गया।प्रतियोगिता के निर्णायक मनीराम कुशराम श्रीमती ममता पटेल श्रीमती चंद्रकांता कुमरे सुनील चौधरी एवं दुर्गेश चापले रहे एवं प्रतियोगिता का सफल संचालन श्रीमती श्वेता साहू ज्योतिका श्रीवास्तव प्रीति वर्मा पूनम यादव ने किया। इस अवसर पर संस्था के अनुराग शर्मा अश्विनी बरहैया राजेंद्र सनोडिया श्रीमती सरिता नेमा दामिनी पवार गाडरे उपस्थित रहे।

### मावंदे कढ़ाई का हुआ आयोजन

**सौंसर।** ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में डहाके परिवार में परम पूज्य नागद्वार स्वामी पद्मशेष महाराज की पावन प्रेरणा से मावंदे कढ़ाई आरती पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।इस अवसर पर जिला कोऑपरेटिव बैंक पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी,कृषि मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी,के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पधारकर भगवान भोलेनाथ महादेव का अभिषेक हवन,पूजन दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर महाप्रसाद ग्रहण किया,इस दौरान कांग्रेस नेता डॉ. राजेंद्र येमदे,संजय राठी अतुल जूननकर,सतीश बोढखे,कामगार नेता प्रकाश बोराटे,संजय रुंघे,शांताराम जुनघरे,नत्थूजी राउत,संदीप भकने,रामदास नखाते, बंडू पाटिल डांगे, राजेंद्र पात्रिकार अरुण चौरे, श्रीकांत पोस्ते संजू जैन , पंकज जूनघरे,सोपान कोहले,मेघराज जूनघरे,राजा बोढ़े, कैलास पाटिल चौधरी,गोपाल लुढ़ेकर, ज्ञानेश्वर गावंढे, विठ्ठल गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

## छोटा तालाब में बजे देशभक्ति के गीत, अद्भुत नजारा देखकर लोगों ने की प्रशंसा, बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

# भारत माता की जय उद्घोष से गूंज उठा छिंदवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति एवं पुलिस की अगुवाई में छिंदवाड़ा शहर में आज भव्य संगीतमय तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया । शहर की सड़कों पर हाथों/बाईक में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और गूंजते देशभक्ति के गीत व भारत माता की जय के नारे वातावरण को देश-प्रेम से सराबोर कर रहे थे ।

"आजादी के 79वें वर्ष" के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों को "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत तिरंगा रैली एवं बाइक रैली आयोजित करने, अपने-अपने सोशल मीडिया माध्यमों से जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करने तथा पुलिसकर्मियों के आवास पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिये निर्देश दिये गए । पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के नेतृत्व में तिरंगा बाईक रैली निकाली गई । तिरंगा बाईक रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर बस स्टैण्ड, फव्वारा चौक, ई एल सी चौक, परशुराम वाटिका, कलेक्ट्रेड चौराहा, सत्कार चौक, जेल तिराहा पाटनी चौक, छोटा तालाब एवं शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये पुलिस लाईन पहुंची ।

तिरंगा बाईक रैली में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, डी.एस.पी यातायात रामेश्वर चौबे, डी.एस.पी ललित बैरागी, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, यातायात थाना प्रभारी राकेश तिवारी, सूबेदार लोहित शेन्डे तथा पुलिस लाइन, थानों के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुये ।इसी प्रकार जिलें के समस्त थाना पुलिस बल के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भी तिरंगा बाईक रैली निकाली जायेगी । पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति की मधुर धुनों ने रैली के जोश और उमंग को दोगुना कर दिया । कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं स्वच्छता के संदेश के साथ नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिये प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तिरंगा बाईक रैली का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को नमन करना और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जागृत करना है । उन्होंने कहा, "तिरंगा हमारी एकता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है, इसे सम्मान और गर्व के साथ लहराना हम सबका कर्तव्य है।

### छोटा तालाब से गूंजी देशभक्तिः जल बोटिंग द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को यादगार बनाने और हर घर में तिरंगा फहराने के संकल्प को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं होमगार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आज छिन्दवाड़ा शहर के छोटा तालाब से एक अनोखी तिरंगा जल बोटिंग यात्रा निकाली गई। इस अनूठे आयोजन में नगर पालिक निगम महापौर श्री विक्रम अहके, श्री शेषराव यादव, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बोटिंग के दौरान सभी अतिथियों ने हाथों में तिरंगा थामे राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। रंग-बिरंगे नौकाओं पर लहराता तिरंगा और जोश से भरे देशभक्ति गीतों ने यह नजारा अविस्मरणीय बना दिया। कलेक्टर श्री सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वयं बोटिंग करते हुए तिरंगा यात्रा में सहभागिता की और लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों में अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस जल तिरंगा यात्रा ने न केवल शहरवासियों में देशभक्ति की अलख जगाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि तिरंगा केवल हमारे घर की छत पर नहीं, बल्कि दिल में भी लहराना चाहिए।



### विशाल तिरंगा रैली का आयोजन प्रशासन और स्कूली बच्चों ने लगाए देशभक्ति के नारे



**चौरई।** स्वतंत्रता दिवस से पहले शासकीय सी एम राइज और कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय चौरई के आज देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिन मे 4 बजे विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य, शिक्षकों व नगरवासियो की मौजूदगी में हाथों में तिरंगा लेकर रैली की शुरुआत की। विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा ने बताया-रैली विद्यालय से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ चमन घाटी से बस स्टाप पे भारत माता चौक पे आकर सम्पन्न हुआ और "भारत माता की जय" "वंदे मातरम" और "जय हिंद" के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। नगर और दुकानदारों ने रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।सैकड़ों छात्रों, स्कूल व विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। सभी के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और वह हिंदुस्तान जिंदाबाद, हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के देश भक्तिपूर्ण नारे लगा रहे थे, जिससे माहौल राष्ट्र गौरव और एकता से भर गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से एस डी एम प्रभात मिश्रा सी चौरई एस डी ओ पी भारती जाट,थाना प्रभारी गणपत उइके, सी ई ओ तरुण रंगढले,बी ई ओ आर के बघेल,शासकीय सी एम राइज , बी आर सी विजय पवार,और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य और जनप्रतिनिधि विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी,पप्पू सोनी, राजवंत ठाकुर, गोविंद दांतले सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### छाबड़ी में स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत निकाली तिरंगा रैली

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आह्वान पर छिंदवाड़ा जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के दिशा-निर्देशन और उपस्थिति में ‟हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग‟ अभियान 02 से 15 अगस्त 2025 के अंतर्गत यह अभियान जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के नेतृत्व एवं उपस्थिति में विकासखंड जुन्नारदेव के प्राथमिक शाला छाबड़ी नवांकुर संस्था द्वारा स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा प्राथमिक शाला छाबड़ी में हर-घर तिरंगा अभियान पर रंगोली प्रतियोगिता एवं स्वच्छता व जल बचाने के उपलक्ष्य में शपथ दिलाई गई एवं नवांकुर संस्था द्वारा बच्चों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य व नवांकुर सखी अपने घर पर तिरंगा लगाये व राष्ट्रभाव के नारों के साथ नवांकुर सखियों की तिरंगा रैली भी आदर्श ग्राम छाबड़ी में निकाली गई। रैली में शामिल एक-एक व्यक्ति के अंदर देशभक्ति का भाव झलक रहा था और हमारी राष्ट्रीय एकता की भावना तिरंगे झंडे की आन-बान-शान को सुशोभित कर रही थी । यह कार्यक्रम देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण रहा एवं ‟एक पेड़ मां के नाम‟ पौधारोपण किया गया तथा सभी शिक्षकगण एवं प्रभारी, छात्र-छात्राएं, प्रस्फुटन समिति के सदस्य सभी इस तिरंगा‟ रैली को सफल बनाने में सहयोग किया । नवांकुर संस्था द्वारा सभी से इस तरह के अभियान में सहभागी बनने, अपने घर पर तिरंगा फहराने व दूसरों को भी प्रेरित करने तथा ‟एक पेड़ मां के नाम‟ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मोहरे एवं प्रस्फुटन समिति, शिक्षक, श्रीमती दुर्गा सूर्यवंशी, श्रीमती अनीता सूर्यवंशी, श्री राजीव कुमार शुक्ला, श्री तुलसीराम साहू, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन आदि लोग उपस्थित थे।

## सैनिक और बंदी रक्षा बंधन पर्व से हुए लाभांवित

**छिंदवाड़ा।** आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से देशभर के साधकों ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वैदिक रक्षा बंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया । इस कड़ी में श्री योग वेदांत महिला समिति की बहनों ने साध्वी रेखा बहन और साध्वी प्रतिमा बहन के सानिध्य में जिला जेल में निवासरत लगभग 800 बंदी , आधार फाउंडेशन द्वारा संचालित हजारों दिव्यांग बच्चों को उपहार , जिले के सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि जिसमें सांसद विवेक ( बंटी ) साहू ,भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव , महापौर विक्रम आहाके , जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार , जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंगे , अंत्योदय समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष विलास घोंगे , सौंसर क्षेत्र के विधायक विजय चौरे , सरपंच रूपेश कराड़े , 8 वीं बटालियन की कमांडेंट एवं प्रभारी जिला पुलिस अधीक्षक ( IPS ) निवेदिता गुप्ता , जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन और अन्य उच्च अधिकारियों के अलावा देश की सीमा पर कार्यरत लगभग 26 लाख सैनिक जवानों को रक्षा सूत्र प्रेषित किया । श्री योग वेदांत सेवा समिति ने इसके लिए देश भर में कार्यरत 2500 समितियों की भी सेवाएं ली । देश भर की जेले जहां बंदी निवासरत है , स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अलग - अलग सैनिक रेजिमेंट के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामनाएं की । साध्वी बहनों ने सनातन संस्कृति की परंपरा वैदिक रक्षा बंधन से संपूर्ण देशवासियों को अवगत कराया । जिससे आम जनमानस लाभ लेकर सुखी , स्वस्थ और सम्मानित जीवन व्यापन करे ।



## साप्ताहिक बाजारः वाहनों की पार्किंग से राहगीर परेशान

### नप ने पार्किंग की व्यस्था नहीं की तो भूमि स्वामी करेगें पार्किंग शुल्क वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



पुराना बस स्टेण्ड दमुआ परिसर क्षेत्र मुख्य मार्ग में वाहन गाडियों का ढेर लगा रहता है वाहन गाडियां यहां वहा खडी रहती है। जिससे अव्यवस्था का आलम बना रहता है। वाहन की पार्किंग की व्यवस्था तक नही है। जबकि नगर पालिका द्वारा व्यापारी दुकानदारो नागरिकों से मनमाने तरीके से टेक्स वसूला जाता है। फिर न.पा द्वारा लोगो की मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान नही दिया जाता है। खास बात तो यह है कि पुराने बस स्टेण्ड मे वाहनो का ढेर लगा रहने तथा वाहन अस्त व्यस्त खडे रहने से किसी मरीज को डॉ. के पास लाने ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। एम्बुलेस वाहन भी नही निकल पाता है। इस ओर ना तो पुलिस प्रशासन का ध्यान है और न ही नगर पालिका दमुआ का । साप्ताहिक बाजार के दिन हालत और भी बद से बदतर हो जाती है । शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए उचित व्यवस्था बनाना चाहिए। समय रहते।

भूमि स्वामी पारस रावत एवं रूपेश रावत का कहना है कि यदि पार्किंग की उचित व्यवस्था न.पा. दमुआ द्वारा नही बनाई जाती है तो हमारे द्वारा पार्किंग व्यवस्था बनाने पर हम स्वयं वसूली करेगें।

न.पा. सी.एम. ओ. अजय ठाकरे का कहना है कि हमारे संवाददाता जब इस विषय पर चर्चा की गई तो उनका साफ कहना है कि ये हमारा काम नही हैं।

### तपोभूमि जाखीवाड़ा में किया में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**सौंसर।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष मेंतथागत धम्म प्रकल्प समिति, मानवता का संदेश टीम के माध्यम से ग्राम जाखिवाड़ा बजाज पीपला नारायण व मार्ग स्थित तपोभूमि में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यहां पर एडवोकेट वासुदेवराव नंदाबाई बागडे चैरिटेबल ट्रस्ट एवं तथागत धम्म प्रकल्प समिति के माध्यम से तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 20 फीट की ऊंची प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है।इस दौरान भारतीय बौद्ध महासभा जिलाअध्यक्ष एवं तथागत धम्म प्रकल्प समिति सचिव डॉ अशोक भगत के द्वारा वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया, इस दौरान ज्योति देशभरतार, संघमित्रा गजभिए,डॉ आकाश ढोके, शुभांगी बागडे ममता मेश्राम सुनीता गोडबोले मनीषा गजभिए रेखा रहा से भाग्यशाली गजभिए कविता बागडे,नीति बागडे, मदन बंसोड़, आदि उपस्थित थे।



## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव जनपद मुख्यालय के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेलीपार नवनिर्मित बिल्डिंग भ्रष्टाचार की बू आने लगी है बिल्डिंग जगह-जगह से बरसात में टपक रही है और दीवार और स्लेप में दरार देखने को मिल रही है ऐसा लग रहा है मानो घटिया सामग्री से बिल्डिंग का निर्माण किया गया हो ऐसा निर्माण संभव है। स्थानीय वासियों ने बताया कि लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर तक अस्पताल पहुंच मार्ग भी नहीं है और एक से डेढ़ किलोमीटर तक के गड्ढे होने की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है इसके बावजूद जिम्मेदार नमन दे कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं बताया जा रहा है कि पूर्व में सरपंच ने स्वयं के व्य से दो ट्राली मोरम डलवाया था जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा मिल सके लेकिन पक्की सड़क की मांग अभी भी ग्रामीण वासी कर रहे हैं।

## रिश्तों को किया तार-तार, भाईयों के बीच चली कुल्हाड़ी

### पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को किया गिरफ्तार, छोटे भाई की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मोहखेड़ पुलिस ने बड़े भाई द्वारा छोटे भाई की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव पिता देवाराम कोडले उम्र 38 साल निवासी ग्राम घोघरी थाना मोहखेड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे पिता (मृतक) देवाराम पिता नानाजी कोडले उम्र 60 साल निवासी ग्राम घोघरी रोज की तरह दिनांक 10.08.25 के 09.30 बजें जानवर चराने जंगल तरफ गये थे, शाम तक घर वापस नही आयें, तब मैं मोटरसायकल से डोबन तरफ गया, तब सागौन के पेड के पास पिता (मृतक) देवाराम औंधे अवस्था पडे थे, सिंर में जगह-जगह धारदार वस्तु के गंभीर निशान थे।

रिपोर्ट पर अपराध क्र 358/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी खेलचंद पटले व चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो द्वारा मामला गंभीर प्रकृति का होने से तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा ( मृतक का बडा भाई) आरोपी सेवाराम पिता नानाजी कोडले उम्र 65 साल निवासी ग्राम घोघरी को दबिश/घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया, जिससे घटना के संबंध मे बारीकी से पूछताछ की गई जो 6 -7 साल पहले छोटे भाई देवाराम से मकान बनाने की बात को लेकर विवाद हुआ था, तब से हमारी बोल चाल (बातचीत) बंद है, हमेशा कोसता रहता कि तेरा नाती मर जाये, तेरा बुरा हो जाये, इसके बाद तीन साल पहले मेरा नाती जो लगभग 15 साल का था, बीमार हुआ, मैने बहुत ईलाज कराया लेकिन वह मर गया, इसी रंजिश के कारण देवाराम जंगल में मवेशी चरा रहा था, मेरी दो-तीन भैस डोवन के पानी में बैठी हुई थी, तभी देवाराम अपनी मवेशी लेकर आया और मेरे मवेशी उठाने लगा, मैने मना किया तो तमतमाकर, मेरे उपर कुल्हाडी उठा लिया, तो मुझे भी आवेश आ गया और मैने अपनी कुल्हाडी से उसके सिर के पीछे तीन-चार वार मारकर हत्या करना स्वीकार किया, आरोपी की निशादेही मे घटना के दौरान प्रयुक्त कुल्हाडी एवं अन्य भौतिक साक्ष्य विधिवत जप्त कियें गयें । आरोपी सेवाराम पिता नानाजी कोडले उम्र 65 साल निवासी ग्राम घोघरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है ।

### कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# अपूर्ण आवासों पर कार्रवाई करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता -स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का हो सुचारू क्रियान्वयन - बैठक में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को विशेष थीम "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता – स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल तिरंगा लगाने का अभियान नहीं है, बल्कि हर घर स्वच्छता को भी साथ जोड़कर लोगों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक बड़ा जनअभियान है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले के सभी ब्लॉकों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, छात्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्व-सहायता समूहों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए। इन कार्यक्रमों में लोगों को स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया जाए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह संयुक्त अभियान तभी सफल होगा, जब इसे घर-घर तक पहुंचाया जाए और हर व्यक्ति इसमें सक्रिय रूप से भाग ले। इसके लिए सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों से तिरंगा रैली निकालें, जो न केवल राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रतीक होगी, बल्कि लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी देगी। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी जोड़ा कि रैलियों और कार्यक्रमों के दौरान स्वच्छता शपथ दिलाई जाए, जिससे यह संदेश स्थायी रूप से लोगों के मन में बसे कि देशभक्ति का असली अर्थ केवल झंडा फहराने में नहीं, बल्कि अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में भी है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को आवास का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है, ऐसे मामलों में या तो राशि की वसूली की जाए अथवा उन्हें आवास निर्माण कार्य तत्काल पूरा करने के लिए बाध्य किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के आवास के लिए है, इसलिए इस पर किसी भी तरह की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी।

### हजारों लोगों ने इस मेले में पहुंचकर मनाया भुजलिया और जमकर की खरीददारी

# ऐतिहासिक भुजलिया पर्व में उमड़ा जनसमुदाय, धूमधाम से मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में भुजलिया पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते बस स्टैंड पहुंची जहां अखाड़े का एक से बढकर एक करतब युवकों द्वारा दिखाए गए। वही शैला नृत्य मंडलो ने भी आकर्षण रूप से दी प्रस्तुति दी है।ज्ञात हो कि रक्षाबंधन के तीसरे दिन सोमवार को सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति सिंगोड़ी के तत्वाधान में विशाल भुजलिया उत्सव का चल समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में सुबह से ही ग्राम के जीवित समाधि स्थल पंथ श्री सुरूति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल कबीरवाड़ा प्रांगण में कार्यक्रम संपन्न होते रहे। वही इस भव्य कार्यक्रम में उपस्थित सभी



आगंतुक अतिथियों जनप्रतिनिधियों का स्वागत सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति सिंगोड़ी के द्वारा किया गया। दोपहर 3 बजे से विशाल चल समारोह निकाला गया।तो वही 3 बजे से सिंगोड़ी ग्राम के हृदय स्थल मां राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर और जीवित समाधि स्थल प्रांगण कबीरवाड़ा चौक में पूजा अर्चना कर चल समारोह का प्रारंभ किया गया जो नगर के दुर्गा मंदिर से होते हुए गोली मोहल्ला कबीर बाडा चौक जैन मोहल्ला राम मंदिर बाजार चौक मेन रोड बस स्टैंड होते हुए कार्यक्रम स्थल कबीर वाड़ा चौक पहुंचा।।। सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी ने किया भव्य स्वागत।। सिंगोड़ी भुजालिया उत्सव के मौके पर परंपरा अनुसार सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी के द्वारा चल समारोह और भुजलिया उत्सव समिति का इत्र लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा साल श्रीफल भी भेट किया गया। इस दौरान अंजुमन



कमेटी सदर इलमन मिस्किनी सहित मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे। वही इस कार्यक्रम के दौरान सिंगोड़ी अमरवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी हेमकरन धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें जिन्होंने आवागमन सहित अन्य व्यवस्था की।।। जनप्रतिनिधि भी हुए सामिल।।सिंगोड़ी की ऐतिहासिक भुजलिया पर्व पर पहुंचे अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने उपस्थितों को पर्व की बधाई दी। जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, रमेश फोपली,उत्तम सिंह ठाकुर,टीकाराम चंद्रवंशी, दिवाकर सदारं, विजय पांडे, सहित अन्य सामिल हुए। भुजालिया पर्व के दौरान लगने वाले मेले एवं अन्य कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं कार्य को संपन्न कराने में मुख्य रुप से भुजलिया उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश यादव, उपाध्यक्ष पवन राव सोनी,परसादी पटेल,कपिल ठाकुर सरपंच, राजेंद्र कांच,रामकिशोर साहू, सचिव एवं मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, मोहित साहू आदित्य पटेल रजत जैन बिट्टू सहित ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिक गण जनप्रतिनिधिगण अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीणों का इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष रूप से सहयोग एवं योगदान रहा।।। सात शैला नृत्य मंडल को मिला पुरुस्कार।।सिंगोड़ी में सार्वजनिक भुजलिया उत्सव के कार्यक्रम में शैला नृत्य मंडलों को पुरुस्कार दिया गया जिसमें समिति द्वारा पहला पुरुस्कार महाकाल मंडल मंदानगण को 5100 रूपये,दूसरा केवलारी 3001 इसी तरह हर मंडल को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक कमेटी में रमेश पहलवान , दीमाक पटेल , बंटी पांडे, नंहो पटेल का विशेष योगदान रहा।

## भुजलिया में नवविवाहिता कन्याओं को किए उपहार भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर में बुनकर समाज के द्वारा भुजलिया पर्व धूमधाम के साथ मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,देर रात तक चले उत्सव में आतिशबाजी के बीच में नव विवाहित कन्याओं ने भुजलिया का विसर्जन किया, इस दौरान बुनकर समाज के घरों में बड़े पैमाने पर स्वादिष्ट व्यंजनों के भोजन कार्यक्रम किया जिस।आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा भुजलिया उत्सव पर सभी क्षेत्र वासियों को मैं बधाई देता हूं। साथ ही भुजलिया उत्सव समिति को विगत कई वर्षो से प्रेम भाईचारे एकता के साथ यह भुजालिया उत्सव भव्य दिव्य रूप से सफलता पूर्वक मनाये जा रहा है,जिसके लिए आयोजन कमेटी के सभी पदाधिकारी को बधाई देता हूं। गलपेट चौक प्रांगण में भुजलिया उत्सव समिति सौसर की ओर से आयोजित भुजलिया उत्सव में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,सौसर नप सभापति प्रशांत ठाकरे,पार्षद दिगंबर वरुडकर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल,सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके,कैलाश धकाते, रामकृष्ण वाकोड़े, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे,डोमुदास धकाते,आदि थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश धकाते ने किया,आयोजन में नवविवाहित कन्याओं को उपहार एवं कोष्टी समाज सौंसर की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम में हसमनी लिखारे,मिश्रीदास गोखे,आकाश गोखे,दिनेश गुप्ता,मोहन धकाते, जितेश बोकडे,प्रफुल हेडाऊ, के अलावा बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी सदस्य एवं बुनकर समाज की नागरिक उपस्थित थे।

## भीम आर्मी की बैठक में पदाधिकारी को सौंपे नियुक्ति पत्र



**सौंसर।** सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन कार्यकारिणी बैठक नगर के वार्ड क्रमांक 11 बुद्ध विहार में सम्पन्न हुई है।बैठक का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अभिवादन के साथ किया गया, इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से आगामी समय में गांव-गांव में भीम आर्मी भारत एकता मिशन का गठन करने एवं संगठन से नए युवाओं को जोड़ने को लेकर चर्चा की गई,भीमआर्मी जिला अध्यक्ष अमित बंसोड़,प्रदीप जुमले ने बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सोपे गए हैं,नए पदाधिकारी में जिला संगठन मंत्री रोशन गोलाईत जिला वरिष्ठ महासचिव,आरिफ शेख जिला महासचिव, कैलाश सोमकुवर तहसील अध्यक्ष सौसर,अल्केश गजभिए तहसील उपाध्यक्ष,अजीम शेख आदि को नियुक्ति पत्र सोपे गए हैं, बैठक के दौरान नए पदाधिकारी को संकल्प दिलाते हुए भीम आर्मी एकता भारत मिशन के संगठन को घर-घर तक पहुंचाने एवं मान्यवर कांशीराम, संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एड चंद्रशेखर आजाद के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## शौर्य और वीरता की गाथा भुजलिया पर्व पर उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्ड क्रमांक 2 और जुन्नारदेव विशाला की सीमा पर स्थित भुजलिया नाले में भुजलिया समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नगर पालिका पार्षद एवं अपील समिति सदस्य संजय जैन, देवेंद्र टांडेकर, इमरोज खान सहित नगर और ग्रामीण अंचल के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भुजलिया समारोह के दौरान नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण अंचल की महिलाओं के मध्य जमकर वाक युद्ध चला। महिलाओं द्वारा शौर्य और वीरता की गाथा को शब्दों में पिरोया गया। भुजलिया नाले में दोनों और महिलाओं ने एक दूसरे पर जमकर छींटाकशी की जिसका आनंद उपस्थित जन सैलाब ने लिया। देर शाम तक बैंड बाजे के साथ भुजालिया समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को लुभाने के लिए खिलौने, गुपचुप, चाट, मिठाई की दुकानें भी सजी रही समारोह के दौरान शासन प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था बनाई गई।

### समाज के युवाओं ने नगर में निकाली बाइक रैली

## कोष्टी समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया भुजली पर्व

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** श्री सद्गुरु कोष्टी समाज उन्नति परिषद वारासिवनी के तत्वावधान में रविवार को भुजली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय कबीर कुटी भवन में शाम 5 बजे कबीर जी व भुजली की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद भुजली की शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान छोटी-छोटी बच्चियों ने अपने सिर पर झाल लेकर उपस्थिति दर्ज कराई। शोभा यात्रा में घोड़ो पर सवार युवतियॉ विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। यह शोभा यात्रा स्थानीय कबीर कुटी भवन से निकल कर गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, कटंगी मार्ग, दुर्गा मंदिर होते हुए पुनः आम्बेडकर चौक, गोलीबारी चौक, वर्मा मोहल्ला होते हुए चंदन नदी पहुंची। जहॉ भुजली का विसर्जन किया गया।



शोभा यात्रा के दौरान गोलीबार चौक पर विधायक विवेक विक्की पटेल, राहुल गॉधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अली और उनके साथियों ने महिलाओं, बच्चों, युवाओं व पुरुषों को फल, पानी व शरबत का वितरण किया।

नगर में एकता की मिसाल बना भुजली पर्व

श्री सद्गुरु कोष्टी समाज परिषद वारासिवनी के तत्वावधान में आयोजित भुजली पर्व नगर का एक ऐसा त्यौहार हैं, जो नगर के हर वर्ग को एक सूत्र में बांधे रखता है और एकता की मिसाल देता हैं। यह भुजली पर्व पूरे प्रदेश में सबसे शानदार वारासिवनी में ही मनाया जाता है और यह भुजली शोभा यात्रा को देखने के लिए महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के लोग भी पहुंचते हैं।

प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के दूसरे दिन कोष्टी समाज की महिलाएं इस कजरिया पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाती हैं। भुजली में व्रत रख कर नवविवाहिता अपने दोनों ही परिवार की खुशहाली की कामना ईश्वर से करती है और भुजलिया का विसर्जन कर देती हैं। वहीं भुजली पर्व के दूसरे दिन की रस्म पर दामादों का स्वागत वंदन करते हैं और शोभा यात्रा के दौरान दामाद अपनी पत्नी का ध्यान रखते हुए उनकी भुजलियॉ की झाल के साथ रास्ते में चलते रहते हैं। यह संस्कृति आज भी विद्यमान है

भुजली विसर्जन के बाद कबीर कुटी भवन में भुजली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस भुजली मिलन समारोह में कोष्टी समाज के अध्यक्ष मनीष हेड़ाऊ ने अपने समाज के अन्य लोगों के साथ अतिथियों का स्वागत किया और सभी नगर वासियों को भुजली पर्व की बधाई दी और सभी का आभार व्यक्त किया।

भुजली मिलन समारोह के दौरान समाज के ऐसे होनहार छात्र-छात्रायें, जिन्होंने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किया, उन्हें समाज के वरिष्ठजनों और अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

भुजली पर्व के अवसर पर स्थानीय गोलीबार चौक पर मेला लगा रहा। गोलीबारी चौक में झूले लगे हुए थे, छोटे-छोटे बच्चों सहित महिलाओं ने भी झूला झूलकर आनंद लिया। वही पुलिस प्रशासन ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने रैली निकालकर विधायक कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने कटंगी में जनपद पंचायत के सामने स्थित सामुदायिक भवन के समक्ष शांतिप्रिय प्रदर्शन कर रैली निकालने के बाद विधायक कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा है. दोपहर 2 बजे प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी ने पेंशनर्स साथियों के साथ सामुदायिक भवन के सामने से नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और विधायक गौरव सिंह पारधी के कार्यालय में रैली को विराम दिया. विधायक की गैर मौजूदगी के चलते संगठन के पदाधिकारी ने कार्यालय में ज्ञापन सौंपा. इस दौरान संरक्षक एन.पी.शेंडे, डी.सी.चौधरी, एच.आर.देशमुख, एस.एल.पटेरिया, डी.के.बिसेन, तहसील अध्यक्ष उत्तम प्रसाद राहंगडाले, उपाध्यक्ष के.एल.बिसेन, पी.आर.गौतम, धनेंद्रसिंह पटले, सचिव के. एस. टेंभरे, सहसचिव सी.के. उरकुडे, कोषाध्यक्ष सी.बी.पटले, संगठन मंत्री जी.आर.पटले, हरिश्चंद सतदेवे, प्रचार मंत्री सदाशिव कटरे और सदस्य वाय.आर.पटले, के.आर.बिसेन, एल.सी.क्षीरसागर, रूपेंद्र टेंभुर्णे, ए.आर. राहंगडाले, के.एल.चौधरी, डी.एल.गोलेंद्र मौजूद रहे।



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन केंद्र सरकार और अन्य बहुत से राज्यों के पेंशनर्स और मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है किंतु मध्य प्रदेश के पेंशनर्स को 53 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जा रही है. 2 प्रतिशत महंगाई राहत राशि शीघ्र प्रदान कराने, मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 अविलंब समाप्त करने किए जाने और मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य के बीच पेंशनर्स को कोई भी वित्तीय लाभ देने के लिए अवांछित स्वीकृति प्राप्त करने की प्रथा को समाप्त करने, आठवें वेतन आयोग के गठन होने के पूर्व में ही जो संशोधन वित्त विधेयक में किए गए वह पेंशनर्स के हित में नहीं है इसलिए संशोधन को अंविलव निरस्त किए जाने, शासन की मंशा हमेशा कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को वित्तीय लाभ नहीं दिए जाने की रहती है यहां तक की न्यायालयों के निर्णयों को भी मान्यता नहीं दी जाती. पेशनर्स ने निवेदन किया है कि यदि एक प्रकरण में निर्णयानुसार किसी को लाभ मिलता है तो ऐसे समान प्रकरणों में सभी के लिए लागू किया जाए अन्यथा सभी न्यायालय में जाने के लिए बाध्य होगे और धन की बर्बादी होगी। शासन द्वारा बार-बार घोषणा की गई कि पेंशन नियम 1976 में संशोधन कर पेंशन का अधिकार विधवा बहु और अविवाहित पुत्री को भी होगा इसी प्रकार राज्य पेंशर्नस को 5 लाख रुपए की केशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने संबंधी घोषणा की गई परंतु आज तक न तो इस संबंध में शासन के आदेश प्रसारित हुए और ना ही घोषणाओं को अमल किया गया. पेंशनर्स की मांग है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह पेंशनर्स को भी उपादान राशि, एक्सग्रेसिया रुपए 50 हजार मरणोपरांत प्रदान किए जाए. 80 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है. पेंशनर्स की मांग है कि क्रमिक वृद्धि की जाए 65 की उम्र में 5 प्रतिशत, 70 की उम्र में 10 प्रतिशत, 75 की उम्र में 15 प्रतिशत और 80 की उम्र में 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाए. छटवें और सातवें वेतनमान का लाभ 32 और 27 माह बाद दिया गया परंतु एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया. इसी प्रकार जब महंगाई राहता बढ़ता है तो आठ से दस माह विलंब से बढ़ता है परंतु एरियर्स नहीं दिया जाता. पेंशनर्स की मांग है कि विलंब से दिए जाने पर एरियर्स दिया जाए. इन 08 प्रमुख मांगों को लेकर पेंशनर्स ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर रखी जायेगी मांग-विवेक पटेल

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी.खैरलाँजी क्षेत्र के प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसियेशन ने सोमवार को वारासिवनी जनसम्पर्क कार्यालय पहुँच कर क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल को विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा। उन्होंने विधायक विवेक पटेल को बताया कि प्रदेश के पॉच लाख पेंशनर्स की जवंलत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में असंतोष व्याप्त है। शासन द्वारा उन्हें ना ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य लाभ दिए जा रहे हैं, जिससे पेंशनर्स का मनोबल भी गिरा हैं और हताशा ही हाथ लगी है। पेंशनर्स ने बताया कि हमारी न्यायोचित मांगे जस की तस बनी हुई हैं। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि हमारे द्वारा इस विषय में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आपकी सभी मांगों को उनके समक्ष रखा जाएगा।



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष जीवनलाल धुवारे ने कहा कि शासन की मंशा सदैव कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को वित्तीय लाभ नहीं दिए जाने की रहती हैं। वहीं न्यायालयों के निर्णय को भी मान्यता नहीं दी जाती हैं। केंद्र सरकार एवं अन्य राज्यों के पेंशनर्स कर्मचारियों को 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा हैं, परन्तु प्रदेश के पेंशनर्स को 53 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा हैं, जो गलत हैं। ऑठवे वेतन आयोग के गठन होने के पूर्व में ही जो संशोधन वित्त विधेयक मे किए गए, वह पेंशनर्स के हित में नहीं हैं, सरकार का ध्यान हमारी ओर नहीं है।

इस दौरान उपाध्यक्ष हेमराज लिल्हारे, सचिव पी आर माहुलकर, सहसचिव पदमलाल पघरे, ज्ञानीराम गौतम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी थोटे, उपाध्यक्ष कल्पना वासनिक सहित सदस्यगण मौजूद रहे।

## लांजी में रचा गया इतिहास: 30 दिवसीय अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन

### अनंत कोटि ब्रह्मांड में एक ही धर्म है, वह है सनातन धर्म:कालीचरण महाराज

***कालीचरण महाराज का मिला आर्शीवचन, 108 पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक एवं गौमाता पूजन के साथ संपन्न हुआ श्री रामचरित मानस पाठ***

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी नगर के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहां एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट महाकौशल मप्र के तत्वावधान में 30 दिवसीय श्री अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलाए जिसमें हजारों की संख्या में दर्शनार्थी, भक्तगण और सेवाभावी शामिल हुए। यह आयोजन काशीनाला तट पर स्थित भगवान



कोटेश्वरनाथ महोदव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने रामायण के पाठ को सुना और भगवान राम की महिमा का गुणगान किया। वहीं, भजन.कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के भजन गाए और उनकी महिमा का जश्न मनाया। आयोजन के अंतिम दिन, 10 अगस्त को 108 पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक, 108 गौमाता पूजन और महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा, हवन यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए। माँ शक्ति के उपासक कालीचरण महाराज ने भी शिरकत की और शिव तांडव मंत्र का गायन किया। उनके संबोधन में सनातन धर्म की गहराई पर प्रकाश डाला गया और युवाओं से अपील की गई कि वे अपनी संस्कृति की रक्षा करें और राम भक्ति में लीन रहें। आयोजन के दौरान, एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने बताया कि यह आयोजन लांजी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और भगवान राम की महिमा का जश्न मनाया। आयोजन के अंत में, व्यापारी संघ लांजी के द्वारा महाप्रसाद का आयोजन किया गयाए जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने इस आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों को आभार व्यक्त किया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने बालिका गृह में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा सावित्री ज्योति बालिका गृह भटेरा चौकी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बालिका गृह की व्यवस्थाओं को देखा एवं बालिकाओं से चर्चा भी की। साथ ही श्री प्राण द्वारा ''रक्षाबंधन'' के पावन पर्व पर बालिका गृह की बालिकाओं से राखी बंधवाई गई। न्यायाधीश श्री प्राण ने बालिकाओं को कैरियर संबधी मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आप सभी बालिकाओं में अलग अलग प्रतिभाऍ है, उन्ही प्रतिभाओं के अनुरूप आप सभी अपने जीवन में आगे बढ़े एवं निरंतर अध्ययन करते रहे तथा अपने जीवन में सफलता के नये आयाम को प्राप्त करे।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 31 अगस्त 2025 तक पात्र हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी पक्का घर नहीं है, इस योजना के तहत वे पात्र होंगे। दिनांक 01 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चल रहे पी.एम.आवास माह के अंतर्गत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को नगरीय क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा। इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के तहत आनलाईन आवेदन कर अपने घर के सपने को साकार करने के लिये नागरिक "ब्याज सब्सिडी प्राप्त कर सकते है।

### एक वृक्ष माँ के नाम अभियान में वृक्षारोपण एवं जायका कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जीतो लेडिज विंग के जिले की 44 महिला सदस्यों ने फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाकर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए जीतो लेडिज विंग द्वारा उदय पब्लिक स्कूल में जायका कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट पाक-कला का प्रदर्शन किया और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उपस्थित सभी को कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका मालू, द्वितीय स्थान निकिता भूरा तथा तृतीय स्थान दिव्यांशा भूरा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कामता पंचायत में पानी को लेकर हाहाकार

## आठ दिनों से सूखे नल, त्योहारों में भी नहीं मिली राहत

**सिवनी -सिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कामता में इन दिनों पानी संकट गहराता जा रहा है। बीते आठ दिनों से नलों से जल आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे गांव में हाहाकार मचा हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खासकर त्योहारों के समय यह संकट और भी विकराल रूप ले चुका है, जब लोगों को स्वच्छता और खानपान के लिए पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

### जिम्मेदारों पर उठे सवाल

ग्रामीणों ने पंचायत सरपंच मानमती चंद्रवंशी (पति पूरन लाल चंद्रवंशी), पंचायत सचिव डीलन सिंह रंग ढले, और नल




चालक चैन सिंह यादव पर कर्तव्य में घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, ये जनप्रतिनिधि अक्सर गांव से बाहर रहते हैं और जनसमस्याओं की अनदेखी करते हैं। ग्राम पंचायत में त्राहि-त्राहि मची है, महिलाएं-बच्चे घंटों हैंडपंप की लाइन में लगते हैं और खाली लौटते हैं, एक ग्रामीण महिला ने आक्रोश जताते हुए कहा।

### त्योहारों पर भी नहीं मिला पानी

रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्योहारों पर भी ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को दूरदराज के जल स्त्रोतों से पानी ढोना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि यह मात्र असुविधा नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता और मौलिक अधिकारों का हनन है।

### इतिहास भी रहा है काला

यह पहला मौका नहीं है जब कामता पंचायत की लापरवाही सामने आई है। पूर्व में भी यहां कीचड़युक्त पेयजल आपूर्ति के कारण गांव में बीमारी फैल चुकी है। ग्रामीणों को डर है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी, तो फिर से स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

### प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि जल संकट को जल्द से जल्द दूर किया जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का सवाल है क्या पंचायत किसी बड़ी अनहोनी का इंतज़ार कर रही है?

# गांव गांव बिक रही अवैध शराब के विरोध में शक्तिशाली जन जागरण रैली आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विकासखंड के विभिन्न ग्रामो में बिक रही अवैध शराब के विरोध में दस ग्राम पंचायतो के युवा,मातृशक्ति सहित पुरुषो की एक शक्तिशाली जन जागरण रैली का आयोजन 12 अगस्त मंगलवार को छिंदवाड़ा चौक से किया जायेगा। इस रैली में शामिल होने के लिए समाज के सभी युवा वर्ग,मातृ शक्ति एवं पुरुष सुबह 11 बजे छिंदवाड़ा चौक में एकत्रित होंगे,जिसके बाद अवैध शराब बंद के विरोध में एक शांति पूर्ण रैली छिंदवाड़ा चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय सिवनी तक निकाली जाएगी। जहां गांव गांव बिक रही अवैध शराब के विरोध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर तत्काल गांव गांव बिक रही शराब पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। इसके बाद रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचेगी और पुलिस अधीक्षक को अवैध शराब बंद कराने को लेकर ज्ञापन सौपेगी। मुन्ना महाराज ने बताया कि गांव गांव अवैध शराब बेची जा रही है,और शराब का सेवन करके युवा अपना भविष्य गर्त में डाल रहे है। इस ज्ञापन का उद्धेश्य गांवो में अवैध शराब बंद कराकर युवाओ को सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाना है और गाँवो में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाना है। वही मुन्ना महाराज ने बताया कि बीते दिवस मेरे द्धारा ग्राम मड़वा में बाइक से अवैध शराब की तस्करी करते हुए बाइक सवार को पकडा था। वही लगभग 8-10 दिन पूर्व बखारी गांव में भी अवैध शराब ग्रामीणों ने पकड़ी थी। इसके बाद बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची थी। रैली आयोजनकर्ता मुन्ना महाराज ने अवैध शराब के विरोध में एक शक्तिशाली जन जागरण रैली में अधिक से अधिक युवा,मातृ शक्ति सहित पुरुषो से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# आदेगांव-छपारा में सड़क में दुघर्टना में तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आदेगांव-छपारा में तीन युवकों की मौत से त्यौहार की खुशियों को सड़क दुघर्टना ने मातम में बदल दिया है।

बगैर हेलमेट लंबी यात्रा मोटर साइकिल सवार लोगों की मौत का मुख्य कारण बन रहा है। शनिवार को छपारा संजय कालोनी निवासी मिथिलेश पुत्र राधेश्याम वंशकार (33) पत्नी को मोटर साइकिल से आदेगांव के मढ़ी गांव ससुराल में छोड़कर लौट रहा था। जबकि दूसरी मोटर साइकिल में सोमकरण पुत्र राधेश्याम (26) अपनी भाभी को तेंदनी टोला से आदेगांव के खापा गांव में छोड़ने जा रहा था।

आदेगांव थाना अंतर्गत बक्सी गांव की बंजारी घाटी में दोनों मोटर साइकिल की आमने-सामने से सीधी टक्कर हो गई। घटना में घायलों को तत्काल पुलिस ने लखनादौन सिविल अस्पताल में डायल 100 की मदद से भर्ती कराया। यहां डाक्टरों ने दोनों घायलों मिथिलेश व सोमकरण को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी से दोनों परिवार सदमे में हैं। रक्षा बंधन के दिन हुई युवकों की असमय मौत से परिवार गमगीन है। आदेगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखकर पुलिस अंदाजा लगा रही है कि मोटर साइकिल चला रहे दोनों युवकों ने यदि हेलमेट लगाया होता तो दोनों की जान बच सकती थी। क्योंकि मृतकों के सिर में गंभीर चोट लगने से दोनों की जिंदगी नहीं बच सकी।

### अज्ञात वाहन की तलाश कर रही पुलिस

नेशनल हाईवे 44 के घुनई घाटी में मोटर साइकिल सवार को कुचलकर भागे अज्ञात वाहन को खोजने का प्रयास छपारा पुलिस ने प्रारंभ कर दिया है। पुलिस के अनुसार रात लगभग 8.30 बजे घुनई गांव में पत्नी से मिलकर आमानाला लौट रहे मोटर साइकिल सवार चरण सिंह यादव को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया। छपारा अस्पताल में रविवार सुबह पोस्ट मार्टम कराकर पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया है।

# सिविल अस्पताल लखनादौन की बिगड़ती व्यवस्था

## जिला प्रशासन और सीएमएचओ की चुप्पी ने जनता में बढ़ाया असंतोष

**स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही, रोगी कल्याण समिति की मनमानी और जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया।**



**बिमल चोबे/ हरिभूमि न्यूज़ आदेगांव**

सिविल अस्पताल लखनादौन एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। अस्पताल की बदहाल स्थिति, अनियमितताएं, और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी आमजन में भारी आक्रोश पैदा कर रही है। कहा जा सकता है कि अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता जैसी कहावत यहां सटीक बैठती है। जिम्मेदार अधिकारी मौन, जनता त्रस्त जिला कलेक्टर संस्कृति जैन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा बार-बार उठाए जा रहे मुद्दों की अनदेखी करना जन आक्रोश का मुख्य कारण बनता जा रहा है।

जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि जब अस्पताल पर इतने गंभीर आरोप लग रहे हैं, तो प्रशासन की चुप्पी उनकी जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है।

### रोगी कल्याण समिति की मनमानी क्यों?

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोगी कल्याण समिति की एक महिला सदस्य द्वारा पर्ची वितरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि यह कार्य केवल अधिकृत कर्मचारी द्वारा किया जाना चाहिए। यह नियमानुसार स्पष्ट रूप से शासन की प्रक्रिया का उल्लंघन है। पर्ची काउंटर पर नियुक्त कर्मचारी की उपस्थिति में गैर-अधिकृत हस्तक्षेप, सीधे-सीधे नियमों की अनदेखी है।

### रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल

रात के समय डॉक्टरों की अनुपस्थिति एक गंभीर समस्या बन चुकी है। अकसर देखा गया है कि सहायक स्टाफ ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं और रेड पेन से पर्चियों पर दवा या अन्य दवाइयां लिखकर दिया जा रहा है? एक वीडियो फुटेज में एक कर्मचारी रात को मरीज का इलाज करते हुए भी कैद हुआ है, जबकि उस समय डॉक्टर की ड्यूटी थी। स्टाफ तो है, लेकिन व्यवस्था नहीं वर्तमान में अस्पताल में लगभग 80 से 90 कर्मचारी कार्यरत होने के बावजूद इसके मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। यह प्रशासनिक असफलता और लचर प्रबंधन की सीधी मिसाल है।

### सीबीएमओ की भूमिका भी संदिग्ध सिविल अस्पताल लखनादौन

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक सहलाम की भूमिका भी कटघरे में है। नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद उनकी चुप्पी यह दर्शाती है कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन नहीं कर रहे? जनता की माँग निष्पक्ष जाँच और सख्त कार्रवाई।

स्थानीय नागरिकों, मरीजों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जाँच की माँग की है। उनकी माँग है कि दोषियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो सकें। सिविल अस्पताल लखनादौन की स्थिति शासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल खड़ा करती है। यदि इन गंभीर लापरवाहियों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो इसका दुष्प्रभाव आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ना तय है। सिविल अस्पताल लखनादौन में चल रही गंभीर लापरवाहियों ने शासन की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर परिणाम जनस्वास्थ्य पर पड़ सकते हैं।

# बेशकीमती दरवाजे के लकड़ी सहित पकड़ाये अरोपी

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिगि, बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी अंतर्गत परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा हीरालाल दाहिया एवं उनके अधिनस्थ वन अमले द्वारा लगातार रात्रि गश्ती की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



दिनांक 11.08.2025 रात्रि 12.30 को प्रतिदिन गश्ती अनुसार परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन अमले द्वारा गश्ती की जा रही थी, गश्ती के दौरान रात्रि में परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा की दुरेंदा बीट के अंतर्गत ग्राम बाकल से ग्राम दुरेंदा आने वाले मार्ग पर वेसकीमती सागौन काष्ठ दरवाजा पल्ले 02 नग 0.066 घ.मी., 02 मोटर साईकिल से अवैध परिवहन करते हुए 03 व्यक्तियों क्रमशः 01अजय कुमार ताराचंद जाति गरार, लगभग उम्र 30 वर्ष, साकिन नसीपुर थाना उगली जिला सिवनी, 02 धारासिंह / अजबलाल मरार, लगभग उम्र 38 वर्ष साकिन बहेगांव थाना लालबर्रा जिला बालाघाट, 03. प्रदीप सावतलाल जाति मरार लगभग उम्र 29 वर्ष साकिन नसीपुर थाना उगली जिला सिवनी आरोपियों के पास से जप्त किया गया।

आरोपियों से पूछताछ के दौरान बताया गया कि उक्त दरवाजा पल्ले ग्राम बाकल के श्री दादूराम / बसंतराव जाति लोहार लगभग उम्र 30 वर्ष के घर से लाया है। दूसरे दिन उक्त व्यक्ति के घर से अवैध काष्ठ सागौन विरान 03 नग 0.015 घ.मी. एवं बीजा 05 नग 0.152 घ.मी. जप्त किया गया। भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उक्त चारों आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

उक्त कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी दाहिया के साथ भरत लाल.आर्मो वनपाल,बी.आर. सिरसाम वनरक्षक, स्थाईकर्मी गिरधर, संतकुमार, बलदेव, बाबूलाल, सियालाल, सुरक्षा श्रमिक तेजसिंह, तामसिंह, का सराहनीय योगदान रहा।

# महिला ने किया कीटनाशक का सेवन, उपचार दौरान मौत

**सिवनी।** रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पति अपनी पत्नी को मायके लेकर पहुंचा, लेकिन मायके में पहुंची पत्नी और पति के बीच न जाने ऐसी क्या बात हुई की पति-पत्नी वापस त्यौहार मना कर अपने घर लौटे तभी भुजलिया के दिन 42 वर्षीय पत्नी यशवंती बाई ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान यशवंती बाई का निधन हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत गांव जठलापुर निवासी यशवंती बाई पति दिनेश उइके (42) रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए अपने पति के साथ सुकरता के समीप गोंड़ेगांव गई थी। रक्षाबंधन पर्व मनाने के बाद वे दोनों शाम को घर वापस लौट आए। दूसरे दिन रविवार को भुजलिया के दिन न जाने पति-पत्नी के बीच में क्या विवाद हुआ जिसके चलते यशवंती ने धान में डाले जाने वाली कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। रात 9 बजे तबीयत ज्यादा खराब होने पर पति ने पत्नी का इलाज कराने जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचा। जहां उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो गई। मृतिका यशवंती बाई की मां कमला बाई ने बताया कि उनकी बेटी ने कीटनाशक जहर का सेवन क्यों किया? यह इसकी जानकारी अभी तक नहीं लग पाई है। वहीं मृतिका यशवंती बाई के एक 21 साल का पुत्र योगेश व 17 साल का एक बेटा विक्की और एक बेटी योगिता 19 वर्ष की है। सोमवार को महिला डॉक्टरों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया

# सर्प का सफलतापूर्वक किया गया रेस्क्यू



सर्प किसानों के मित्र होते हैं इन्हें मारे नहीं, वन विभाग को सूचना दे या सर्प मित्र को बुलाकर इन्हें पकड़ाये बरघाट वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बा बम्हनी निवासी अशोक बिसेन के खेत की कुएं में सर्प दिखाई दिया उन्होंने उन्होंने जागरूकता दिखाकर, वन परिक्षेत्र बरघाट में फोन किया तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी पीयूष गौतम के निर्देशन में वनरक्षक अरविंद सराटी, सर्प मित्र सुरेश मर्सकोले, स्थाई वनकर्मी बैगा वरकड़े, के द्वारा कुएं में गिरे हुए सांप का सफर रेसक्यू कर R F,120 काचना पहाड़ पर छोड़ गया।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड लखनादौन का नया कारनामा, एक्सपायर क्लोरीन पेयजल हैंडपंपों में डलवा डाला



# पीएचई विभाग लखनादौन सब इंजिनियर राठौर बौखलाया, सच को झूठ बताया...?

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लखनादौन की लापरवाही, एक्सपायर क्लोरीन से नागरिकों की जान को खतरा

**हरिभूमि न्यूज, लखनादौन** – सिवनी जिले के लखनादौन तहसील में लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती है। विभाग के द्वारा एक्सपायर क्लोरीन को पेयजल और हैंडपंपों में डालने से क्षेत्रीय नागरिकों की जान के साथ खिलवाड़ किया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

पानी में क्लोरीन मिलाने का मुख्य उद्देश्य पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और अन्य प्रदूषकों को नष्ट करना होता है। हालांकि, यदि क्लोरीन की एक्सपायरी डेट समाप्त हो जाए, तो इसका इस्तेमाल न केवल अप्रभावी होता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक भी हो सकता है। एक्सपायर क्लोरीन से त्वचा और आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, खांसी और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यहां तक कि श्वसन संबंधी गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

लेकिन लखनादौन तहसील में लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने एक्सपायर क्लोरीन का इस्तेमाल किया और यह क्लोरीन सीधे तौर पर नागरिकों के पीने के पानी और हैंडपंपों में मिला दी गई।

**पीएचई विभाग लखनादौन उपखण्ड का सबइंजिनियर संदीप राठौर बौखलायाः और बोला मुझे जो लगा डलवा दिया**

जब प्रदेशखबर की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लखनादौन उपखंड कार्यालय का



दौरा किया, तो उन्होंने पाया कि स्टोररूम में हजारों की संख्या में एक्सपायर क्लोरीन की बोतलें रखी गई थीं। जब टीम ने लखनादौन के पीएचई विभाग के सबइंजिनियर संदीप राठौर से इस बारे में सवाल पूछा, तो उनका जवाब चौंकाने वाला था। राठौर ने कहा, "हमें जो लगा, हमने डाल दिया। स्टोररूम की चाबी मेरे पास रहती है और मैं 15 दिन में एक बार आता हूं। जब जरुरत होती है, तो चाबी लेकर आता हूं।

**क्या है प्रशासन की जिम्मेदारी?**

यहां पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा? क्या लापरवाह अधिकारियों को उनके कृत्यों का जवाब देना होगा? इस घटना ने साफ तौर पर यह साबित कर दिया है कि जब तक प्रशासन इन अधिकारियों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक ऐसी लापरवाहियां जारी रहेंगी, जिससे नागरिकों की जान को खतरा हो सकता है।

### नागरिकों की चिंता और प्रशासन से सवाल

स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता और गुस्सा है। उनका कहना है कि इस लापरवाही के कारण उनकी जान खतरे में पड़ी हुई है, और उन्हें प्रशासन से न्याय की उम्मीद है। क्या इन अधिकारियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई की जाएगी, या फिर नागरिकों को अपनी जान के जोखिम को झेलने के लिए छोड़ दिया जाएगा? यह मामला प्रशासन की ढीली कार्यप्रणाली और जिम्मेदारी के अभाव को उजागर करता है। ऐसे अधिकारियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही से बचा जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन को इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

### कोतवाली पुलिस ने किया दो चाकूबाजों को गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा जिलें एवं नगर में हो रही चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम हेतु संदिग्धों एवं आरोपियों को शीघ्र अतिशीघ्र धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया है कोतवाली पुलिस द्वारा चाकूबाजों पर लगातार त्वरीत कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 09 अगस्त 2025 विश्व आदिवासी दिवस के दिन जुलुस आने से पहले एक व्यक्ति कटंगी नाका ब्रिज के पास सिवनी में जिसने भगवा रंग की टी-शर्ट पहना है, लंबे बाल है हाथ में धारदार बटन वाला चाकू लिए आने जाने वाले को डरा धमका रहा है एवं इसी प्रकार रेल्वे स्टेशन के पास तिलक वार्ड सिवनी में भी एक व्यक्ति जिसने रंग का शर्ट एवं नीला रंग का जिंस पहला है सामान्य बाल है, हाथ में लोहे जैसी धातु का जंग लगा बका लिए आने जाने वालो को डरा धमका रहा है कि सूचना मिलने पर तत्काल थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर रेड़ कार्रवाई कर चीता स्टाफ एवं गवाहों की मदद से घेराबंदी कर नितेश सनोडिया निवासी बोरदई एवं बालमुकुन्द यादव निवासी अलोनिया को पकड़ा गया। जिनकी तलासी लेने पर नितेश सनोडिया के पास से एक अवैध धारदार चाकू एवं बालमुकुन्द यादव के पास से एक अवैध धातु का जंग लगा बका मिलने पर दोनों आरोपियों से विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया दोनों आरोपियों के विरुध्द 25 आर्म्स एक्ट के तहत 02 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया हैं।

# बरघाट बैंक खाते से गायब राशि, डूंडासिवनी थाने में की शिकायत

**सिवनी।** डूंडासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़ति एक महिला ने डूंडासिवनी थाना प्रभारी समेत पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बरघाट स्थित एक बैंक के उसके खाते से शासन प्रशासन द्वारा मिली राशि किसी ने निकाल लिया है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए खाते से निकल गई राशि प्रदाय किए जाने की मांग पुलिस अधिकारी से पीडित नहीं की है। पीड़ति तैयबा अंसारी पति मो. शाहरूख अंसारी हाल मुकाम ग्राम जनता नगर, डोरली छतरपुर, थाना डूंडासिवनी ने बताया कि मेरा खाता क्र. 43001037598 जो कि भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बरघाट में संचालित है। जिसमें म.प्र. शासन महिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंल योजना के तहत 11,000/- तथा पूर्व राशि 1500/- रू. की राशि थी, जो कुल राशि 12500/-मेरे उपरोक्त खाते में जमा थी। पीड़ति ने 8 अगस्त 2025 जब खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो खाते से संपूर्ण राशि निकाल ली गई है। पीड़ति ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उपरोक्त खाते से निकाली गई राशि जिसने भी निकाली है। जांच कर उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर मेरी राशि वापस दिलाने की कृपा करें।

### जे फर्म एप किसानों और कृषि उपकरण किरायादाताओं के लिए उपयोगी पोर्टल

**सिवनी।** किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग में सुविधा प्रदान करने के उद्धेश्य से "जे फर्म एप" एक प्रभावी डिजिटल पोर्टल के रूप में कार्य कर रहा है। यह एप किसानों को जहां कृषि कार्य के लिए आवश्यक उपकरण किराए पर लेने की सुविधा देता है, वहीं उपकरण मालिकों को अपना संसाधन किराए पर देकर आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करता है। कृषि विभाग के अनुसार, जे फर्म एप पर पंजीकरण के बाद किसान अपनी जरूरत के अनुसार ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सीड ड्रिल, रोटावेटर, थ्रेशर जैसे उपकरण आसानी से बुक कर सकते हैं। इसी प्रकार कृषि उपकरण मालिक भी अपने उपकरण की उपलब्धता, किराया दर और समय स्लॉट दर्ज कर सीधे किसानों से जुड़ सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जे फर्म एप कृषि कार्यों में लागत घटाने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

## 10 दिन में दोषी अधिकारी पर हो कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन - अनुपमा नेताम

# डीएफओ और फरार वन कर्मियों पर कार्रवाई को लेकर आदिवासी समाज उतरा सड़कों पर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के सोनेवानी अभयारण्य में बाघ की रहस्यमयी मौत और उसके शव को जलाए जाने का मामला अब आंदोलन का रूप ले चुका है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए छह आदिवासी श्रमिकों को साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाते हुए आदिवासी समाज ने सोमवार को रैली निकालकर कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 10 दिन में दोषी वन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

दरअसल, 27 जुलाई को सोनेवानी अभयारण्य के कक्ष नंबर 443 में एक बाघ का शव मिला था। आरोप है कि डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे के कहने पर छह आदिवासी सुरक्षा श्रमिकों ने 29 जुलाई को बाघ के शव को जला दिया था।

2 अगस्त को यह मामला तब सामने आया, जब मृत बाघ की फोटो वॉट्सएप ग्रुप पर वायरल हुई। इसके बाद वन विभाग ने वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम के तहत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। विभाग ने 6 सुरक्षा श्रमिकों (हरिलाल, शिवकुमार, शैलेश, अनुज, मान सिंह और देव सिंह) को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन घटना के 10 दिन बाद भी डिप्टी रेंजर और वनरक्षक को गिरफ्तार नहीं किया गया है।



आदिवासी समाज का आरोप है कि परिक्षेत्र प्रभारी छत्रपाल सिंह जादौन ने जानबूझकर आदिवासी श्रमिकों को फंसाया है, जबकि उन्होंने सिर्फ अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन किया था, अगर वे ऐसा नहीं करते तो उनकी रोजी-रोटी छिन जाती।

जिला पंचायत सदस्य दुलेंद्र ठाकरे ने कहा कि छोटे कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ही शव को जलाया था। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और श्रमिकों को न्याय दिलाने की मांग की।

वहीं आदिवासी नेत्री और जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि अगर 10 दिन में डीएफओ और फरार वन कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो आदिवासी समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## क्लीन गढ़ी-ग्रीन गढ़ी अभियान के तहत किया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।**

जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र गढ़ी में जागरूक युवाओं के द्वारा क्लीन गढ़ी-ग्रीन गढ़ी अभियान चलाया जा रहा हैं, जिससे गढ़ी को स्वच्छ व हरियाली युक्त बनाने की ओर कार्य करते हुए रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़ी के मोक्षधाम परिसर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। वही 9 अगस्त को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के नेतृत्व में एवं डॉ. अमित पाटिल के मार्गदर्शन में क्लीन गढ़ी-ग्रीन गढ़ी अभियान अंतर्गत डॉ. राधेश्याम शांडिल्य द्वारा मोक्षधाम परिसर में अपने माता-पिता के पुण्य स्मृति में गुलमोहर के पौधों का वृक्षारोपण किया गया. इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें. जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना आवश्यक है.। क्लीन गढ़ी-ग्रीन गढ़ी अभियान के संयोजक डॉ. अमित पाटिल ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा दिया जा रहा है. युवाओं के प्रयासों से लोगों को पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करते हुए वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा हैं.इस अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, नवांकुर संस्था ग्राम जन विकास समिति प्रमुख, क्लीन गढ़ी-ग्रीन गढ़ी अभियान के संयोजक एवं वरिष्ठ पंच डॉ. अमित पाटिल, पंडित रजनीश पांडे, हाकेश शांडिल्य, श्रीमति नीलम, कुमारी आशा परवार, प्रीतम बंदेश्वर आदि की विशेष उपस्तिथि रही।

## हर घर तिरंगा अभियान का दूसरा चरण आज जनपद पंचायत किरनापुर से निकली गई रैली

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**


जनपद पंचायत कीटनापुर की अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 15 वें स्वतंत्रता दिवस यानि 15 अगस्त तक तीन चरणों में चल रहा है। अभियान का पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरा चरण शनिवार से शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। एसडीएम मायाराम कोल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया गया। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी



भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजित की गई। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को 'आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी गई।

## ग्राम विकास के साथ बहनों की रक्षा करना भी मेरा धर्म - वैभवसिंह बिसेन

# बहनों ने ग्राम प्रधान को बांधे रक्षा सूत्र









**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन के द्वारा ग्राम गर्रा में अपने निज निवास पर रक्षा बंधन पर्व का आयोजन सोमवार को रखा गया जिसमें ग्राम की सैकड़ों बहनों के साथ साथ वार्डपंच बहनों ने अपने लाडले भाई ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन को रक्षा सूत्र बांधते हुए आर्शीवाद प्रदान की तथा ईश्वर से लंबी आयु की कामना करते हुए आनंद के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया, वहीं वैभवसिंह के द्वारा बहनों को मिठाई खिलाते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। ग्राम प्रधान के द्वारा 3-4 वर्षों से लगातार रक्षाबंधन पर्व का का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन के दौरान वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा सलीम शाह, वार्ड पंच रीना भालाधारे तथा कपिल झारिया, राजा ठाकरे सैकड़ों की संख्या में भाई बहन उपस्थित रहें।

## पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया, लेकिन शासकीय स्कूलों में बगिया सींच रहे बच्चे

### शासकीय माध्यमिक शाला सिरेगांव का मामला: बच्चे कर रहे थे बगिया की सिंचाई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शिक्षा के मंदिर में बच्चों के हांथ में कलम की जगह झाड़ू होगी तो पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया का सपना कोरा रहने की आशंका गहरा जाती है। लांजी जनपद क्षेत्र की शालाओं में बच्चे पढ़ाई छोड़कर शाला में स्थित बगिया की ङ्कषसचाई और झाड़ू पोंछा कर रहे है। शिक्षा विभाग को पढ़ाई लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे करती है। सरकारी शालाओं के बच्चों को बेहतर व्यवस्था और शिक्षा मिल सके इसके लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। बच्चों को मुफ्त किताबें, ड्रेस, जूते, मोजे, स्वेटर और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है परंतु क्रियान्वयन सही न होनें के बच्चों को आशा के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत अनेक शासकीय शालाओं में सफ ाई कर्मी न होनें से बच्चे रोजाना पहले झाड़ू, पौंछा करते है फिर पढ़ाई करते हैं। उल्लेखनीय है की लांजी विकासखंड अंतर्गत अनेको ऐसे शासकीय स्कूल संचालित हो रहे है जिनमें कहीं भवन जर्जर हैं तो कहीं शिक्षक शराब के नशे में चूर हैं तो कई शिक्षक स्कूल हीं नहीं पहुंच रहे है परंतु कागजों में बीआरसी कार्यालय से शालाओं की उत्तरोत्तर प्रगति की ही रिपोर्ट जा रही है जिससे जिला मुख्यालय में बैठे अधिकारियों को लांजी विकासखंड के शासकीय स्कूलों के हालात बेहतर नजर आते हैं। दूसरी ओर बीआरसी कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी द्वारा भी ऐसी परिस्थिति में लापरवाह शिक्षकों का बचाव किया जाता है जिससे इनकी कार्यप्रणाली को और बल मिलता है।

ताजा मामला नगर मुख्यालय से 10 किमी दूर संचालित शासकीय माध्यमिक शाला सिरेगांव का है, जहां शिक्षकों की मौजूदगी में बच्चे शाला और परिसर में पानी का पाईप लेकर बगिया की सिंचाई कर रहे हैं और शिक्षक हाथ बांधे उन्हें दिशा निर्देश दे रहे हैं। वहीं शाला में पूछने पर बच्चों ने बताया कि, यह हमारा रोज का काम है। शाला में मौजूद शिक्षक कहते है कि भृत्य की नियुक्ति न होने से बच्चे ही साफ - सफ ाई करते हैं। एक ओर देखें तो सरकार ने शासकीय शालाओं के लिए करोड़ों रुपए में भवन से लेकर अन्य व्यवस्थाएं दी है, परंतु साफ - सफाई के लिए कोई इंतजाम नहीं किए, इसके अलावा कई शाला में बिजली, पानी और बच्चों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है ऐसे में बाल शिक्षा अधिकार का हनन हो रहा है।

## जन्म से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए 14 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में भारत शासन की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से हृदय रोग से पीड़ित बच्चो के उपचार के लिए 14 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय बालाघाट परिसर में संचालित डीईआईसी कक्ष में हृदय रोग से पीड़ित 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए यह निःशुल्क शिविर 14 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से आयोजित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि यह शिविर केवल जन्म से हृदय रोग से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मैट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के डॉ. के एल उमा माहेश्वर (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ), मुंबई के नारायणा हृदयालय के डॉ. सुप्रितम सेन (शिशु हृदय रोग विषेशज्ञ) तथा गैलेक्सी हॉस्पिटल जबलपुर के डॉक्टर अखिलेश दुबे (कार्डियोलॉजिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में बालाघाट जिले के 10 विकासखंडों के हृदय रोग से चिन्हांकित लगभग 250 बच्चों को बुलाया गया है। साथ ही ऐसे सभी बच्चे इस शिविर में शामिल हो सकते हैं जिनको हृदय रोग की समस्या है या उनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है उनका फॉलोअप भी शिविर में किया जाएगा एवम शिविर में सभी बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट ने निकाली तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के द्वारा आजादी का उत्सव मनाते हुए कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई ,जिसका प्रारम्भ विद्यालय परिसर से विद्यालय के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी के द्वारा किया गया ,यह यात्रा ग्राम भटेरा ,खैरी,कुम्हारी होती हुई पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में समाप्त हुई जहां विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सायकल यात्रा का स्वागत किया गया ।तिरंगा सायकल यात्रा के दौरान तीनों ही ग्राम पंचायतों के सरपंचों श्री भोर सिंह मोहारे, सरपंच ग्राम भटेरा ,श्री गौरीशंकर मोहारे सरपंच ग्राम खैरी तथा ग्राम कुम्हारी सरपंच श्री बसंत पिछोड़े



तथा पंचों सहित ग्रामीणों द्वारा विद्यार्थियों का जोश पूर्वक चॉकलेट और शीतल जल के साथ उत्साहवर्धन किया गया।संस्था के शिक्षक श्री नीरज तिवारी ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे देश के गौरव, एकता और देशभक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा हमारे राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के सम्मान और उसके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का एक माध्यम है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सभी को यह संदेश मिलता है कि देश की आज़ादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है, और हमें इसे सदैव बनाए रखना है।संक्षेप में, तिरंगा यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि देशभक्ति का उत्सव है, जो हमें अपने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।इस यात्रा को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों वासुदेव भूते,विजय कुमार बिल्हेरिया, नितेश कुमार मिश्रा,मनोज ज्योतिषी, अनुपमा गौतम,नीतू बिसेन विद्यालय के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, कार्यालय अधीक्षक अनिल पारधी, कंवल दास लिल्हारे और सभी अन्य का योगदान रहा।यात्रा का समापन विद्यालय परिसर में हुआ ,यात्रा के दौरान सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई,तथा विद्यार्थियों ने तिरंगे की आन बान और शान को सदैव बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

**बालाघाट** ।कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 11 अगस्त को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री आरआर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**अगले सप्ताह यूरिया की 01 रेक लेकर मालगाड़ी पहुंचेगी बालाघाट**

बैठक में सर्वप्रथम जिले में किसानो के लिए उर्वरक की उपलब्धता पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले में 1700 मीट्रिक टन यूरिया भण्डारित है। एनएफएल कम्पनी की 01 रेक दो दिन पूर्व ही डीएपी और एनपीके उर्वरक लेकर बालाघाट पहुंची थी, जिसके कारण डीएपी एवं एनपीके की लगभग पूर्ति हो चुकी है। अब आने वाले दिनों के लिए जिले में लगभग 5200 मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता होगी। अगले एक सप्ताह में यूरिया की 01 रेक लेकर मालगाड़ी बालाघाट आने वाली है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी ने बताया कि जिले की 40 समितियों में यूरिया की और 03 समितियों में डीएपी, एनपीके उर्वरक की कमी है।

कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानो की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करे। किसानो को उर्वरक की कमी नही होना चाहिए। उन्होंने वारासिवनी एसडीएम को निर्देशित किया कि लालबर्रा क्षेत्र में प्राईवेट वेंडर द्वारा उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच कराए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में उर्वरक विक्रय पर कड़ी निगरानी रखे और प्राईवेट वेंडर्स के प्रतिष्ठानो का सतत निरीक्षण कर उनके स्टॉक का सत्यापन करे।

## आदिवासी सांस्कृतिक परिवेश की दिखी झलक, पारम्परिक नृत्य की दी शानदार प्रस्तूती

# खैरलांजी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** युवा आदिवासी समिती खैरलांजी के तत्वावधान में 11अगस्त सोमवार को मुख्यालय में आदिवासी समुदाय के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया इस अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया । इस दौरान आदिवासी समुदाय के द्वारा पूरी आस्था के अनुरूप झंडा वंदन से किया गया एवं महापुरुषो के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए दिप प्रज्वलित किया गया एंव उन्हें नमन करते हुए जयघोष किया गया। समिती के तत्वावधान में नगर में भव्य रैली निकाली गई जिसमे आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एंव पारम्परिक वेशभूषा की मनमोहक झलक दिखाई दि, रैली में आदिवासी समुदाय के युवतीयो के द्वारा पारम्परिक नृत्य की शानदार प्रस्तुत दि गई। रैली नगर के विविध मार्ग से गुजरते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर वापस पहुंची। रैली के दौरान आम्बेडकर चौराहे पर स्थित डा. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए जयकारे लगाए गए । रैली का ग्रामवासीयो के द्वारा अभिवादन व भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाज, वेषभूषा, परम्परा एंव सामाजिक एकता का समावेश दिखाई दिया। इस दौरान सामाजिक वक्तओ के द्वारा अपने विचार रखे जिसमे समाज के उत्थान और विकास और आर्थिक तरक्की करने की बात पर जोर दिया गया साथ ही शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए बच्चो को पढाए और आगे बढ़ाए के लिए प्रोत्साहित किया गया । इस अवसर सुनिल शाह उईके, कपूरचंद वरखडे, भजन वल्के, अमर सिंह ,भुवन सिंह कोहराम, प्रकाश ऊके जिप.सदस्य, धनेन्द्र टेकाम, अनिल धूर्वे, सुनील उईके ,रामप्रसाद मर्सकोले, भरत मडावी, गणेश पुषाम सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
•B.Com •M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111